सफलता की कहानी

1. उद्यमी का नाम: Rishikesh Vyash
2. व्यवसाय/उद्यम का नाम: Vashu Digital Seva Kendra
3. जिला/ब्लाक : Patna (Mokama)
4. उद्योग/छेत्र : Cyber Café (IT Business)

5. उद्यमी का संक्षिप्त परिचय (शिक्षा,पृष्ठभूमि और उद्यमी बनने की प्रेरणा)

मेरा नाम ऋषिकेश व्यास है, मैं पटना जिला अंतर्गत मोकामा क्षेत्र के रामटोला औंटा गांव का निवासी हूँ मैंने मोकामा . आर. आर.एस कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक किया है ग्रेजुएशन करने के बाद मैं सरकारी नौकरी की तैयारी करने चला गया | जब मैं गांव आता था तो देखता था कि यहाँ के लोगों में डिजिटल साक्षरता की कमी है कोरोना जैसी भयानक आपदा में लोग परेशान हो रहे थे तभी से मैंने निर्णय लिया कि मैं इन लोगों की मदद करूँगा फिर मैंने 2022 में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना में 10,00,000 (दस लाख) लोन के लिए अप्लाइ किया और मेरा चयन भी हुआ और मैं सुचारू रूप से इस छेत्र में कार्य कर रहा हूँ |

6. आपके उद्यमी सफर को शुरू करने की प्रेरणा कहाँ से मिली |

अपने गांव में फैली अज्ञानता और उचित जानकारी का अभाव सबसे महत्वपूर्ण विषय रहा यह विचार करने में कैसे एक समाज में अज्ञानता को दूर किया जाए सिर्फ 1 दिन की सरकारी शिविर के द्वारा सारी समस्याओं का निपटारा नहीं किया जा सकता इन्ही सारे तथ्यों पर विचार करने के बाद यह निर्णय लिया कि लोगों के लिए जन सेवा केंद्र खोला जाए |

7. अपने व्यवसाय का वर्णन करें |

हमारा व्यवसाय मुख्य रूप से डिजिटल इंडिया से संबंधित है इसमें बैंकिंग लेनदेन गैस बुकिंग, कंप्यूटर साक्षरता जमीन से संबंधित कार्य, विधवा पेंशन, किसान रजिस्ट्रेशन, कन्या उत्थान योजना, लेबर कार्ड, आधार कार्ड आदि से संबंधित है साथ ही साथ युवाओं को कैसे रोजगार मिले इससे संबंधित है |

8. आपने अपना व्यवसाय कैसे शुरू किया

हमने अपना व्यवसाय बिहार सरकार के मुख्यमंत्री उद्यमी योजना का लाभ लेकर कुल ₹10,00,000 की राशि से शुरुआत की |

9 उद्योग विभाग से प्राप्त सहायता |

₹10,00,000 की राशि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के माध्यम से तीन किश्तों में प्राप्त हुई |

10. वर्तमान रोजगार (नौकरी से जन सामाजिक प्रभाव स्थानीय भागीदारी आदि) |

वर्तमान में मैं अपने गांव में ही अपने सेंटर पर कार्य कर रहा हूँ और प्रत्येक सप्ताह जगह जगह पर कैंप लगाकर लोगों को जागरूक एवं उनकी सहायता करता हूँ अभी मैं और मेरे साथ चार लोग कार्य कर रहे हैं |

11. आपकी भविष्य की व्यवसाय योजनाएं क्या है (विस्तार नए उत्पाद, सेवाएँ पैमाना बढ़ाना आदि) |

हमारी भविष्य की योजनाएं हैं कि युवाओं के लिए एक कंप्यूटर संस्थान लड़के एवं लड़कियों के पढ़ने के लिए एक लाइब्रेरी साथ ही साथ युवाओं के लिए सस्ते कीमत पर कोचिंग संस्थान जिससे अधिक से अधिक नए रोजगार मिल सके |

12. आप युवा और महत्वाकांक्षी उद्यमियों को क्या सलाह देंगे |

युवाओं और उद्यमियों के लिए सलाह है की आप ईमानदारी से अपना कार्य कीजिए सिर्फ सरकारी नौकरी ही अंतिम लक्ष्य नहीं होना चाहिए आप सामाजिक उत्थान करते हुए भी स्व-रोजगार के माध्यम से अपना जीवन सफल बना सकते हैं एवं लोगो की सहायता कर सकते हैं |

संपक ववरण: Rishikesh Vyash (7870701919, 9304271893)

Email Id :- Vashudigitalsevakendra@gmail.com